परिवार | By Sanjeev Sharma

श्याम तेरी कृपा से मैं परिवार चलाता हूँ
पड़े ज़रूरत कुछ भी सीधे खाटू आता हूँ
आये जो मुसीबत हो हो हो .....
आये जो मुसीबत बाबा अब मैं ना घबराता हूँ
श्याम तेरी कृपा से मैं परिवार चलाता हूँ
पड़े ज़रूरत कुछ भी सीधे खाटू आता हूँ
श्याम तेरी कृपा से मैं परिवार चलाता हूँ

जिसको अपना मान लिया, उसने ही घात किया
इस बेदर्दी जग में बाबा, तुमने ही साथ दिया
तेरी ही दया का हो हो हो.....
तेरी ही दया का बाबा सर पे हाथ मैं पाता हूँ
श्याम तेरी कृपा से मैं परिवार चलाता हूँ
पड़े ज़रूरत कुछ भी सीधे खाटू आता हूँ

श्याम मेरे जीवन में, तूने रंग भरे प्यारे
खोल दिए दरवाज़े, तूने किस्मत के सारे
तेरा ही दिया हो हो हो .....
तेरा ही दिया अब बाबा मैं रोज़ खाता हूँ
श्याम तेरी कृपा से मैं परिवार चलाता हूँ
पड़े ज़रूरत कुछ भी सीधे खाटू आता हूँ

आपसे रिश्ता बना ये किस्मत है मेरी
करता हूँ गुणगान तेरा, ये कृपा है तेरी
आये ना अहम् हो हो हो .....
आये ना अहम् माही को खुद को समझाता हूँ
श्याम तेरी कृपा से मैं परिवार चलाता हूँ
पड़े ज़रूरत कुछ भी सीधे खाटू आता हूँ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%aa%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-sanjeev-sharma/